राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने शिर्डी स्थित महाराष्ट्र राज्य सहकारी पत संघ फेडरेशन के कार्यक्रम में भाग लिया

सहकार भावना से सबके समान विकास का किया आहवान

जयपुर, 9 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को महाराष्ट्र के शिर्डी स्थित महाराष्ट्र राज्य सहकारी पत संघ फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय परिषद के कार्यक्रम में भाग लिया।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान सहकारिता के आदर्श को अपनाते हुए राष्ट्र और राज्य के विकास में सभी को समान रूप से भागीदारी निभाने का आहवान किया। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य सहकारी पत संस्था फेडरेशन के कार्यक्रम को सहकारिता की भावना की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया।